हरियाणा में शुरू होगी ई-लाइब्रेरी

चर्चा में क्यों?

हरियाणा सरकार **डिजिटल शिक्षा में सुधार** के लिये **गुरुग्राम के** सरकारी **कॉलेजों में ई-लाइब्रेरी शुरू कर रही है।**

प्रमुख बिंदु

- **ई-लाइब्रेरी के लाभ:**
  - छात्रों को **हज़ारों डिजिटल पुस्तकों, शोध पत्रों, पत्रिकाओं और व्याख्यानों तक पहुँच प्राप्त होगी।**
  - वे अपने फोन या लैपटॉप पर **विशिष्ट लॉगिन क्रेडेंशियल** का उपयोग करके अध्ययन सामग्री ब्राउज़ और डाउनलोड कर सकते हैं।
  - यह पहल **भौतिक पुस्तकों की सीमा को समाप्त करती है** तथा एक ही समय में कई छात्रों को एक ही संसाधन का उपयोग करने की अनुमति देती है।
  - **गुरुग्राम विश्वविद्यालय में ई-लाइब्रेरी मॉडल की सफलता:**
- गुरुग्राम विश्वविद्यालय (GU) ने पहले ही ई-लाइब्रेरी मॉडल को बड़ी सफलता के साथ लागू कर दिया है। GU के छात्रों के पास वर्तमान में निम्नलिखित सुविधाएँ उपलब्ध हैं:
  - 17,000 ई-पुस्तकें
  - 8,800 ई-पत्रिकाएँ
  - 130,000 ई-व्याख्यान
  - 748,000 थीसिस
  - 2,200 रिपोर्ट
  - 2,600 विशेषज्ञ वार्ता
- **आधुनिक शिक्षा की ओर कदम:**
  - ज़िला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ई-लाइब्रेरी विद्यार्थियों को **नवीनतम शैक्षणिक शोध और वैश्विक अध्ययन से अपडेट रहने में मदद करेगी।**
  - इस पहल को हरियाणा में **उच्च शिक्षा में सुधार की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम बताया गया है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/e-library-will-be-started-in-haryana